अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2016-2017

हिन्दी साहित्य

कक्षा : VIII
समय : 2 घंटे 15 मिनट **पूर्णांक : 80**

नीचे दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं पाँच के उत्तर दें।
सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

1. **"वह मम्मी की लाडली एवं पापा की दुलारी थी।"** **[4x4=16]**
   (क) मीनाक्षी कहाँ रहती थी ? वह किस कक्षा की छात्रा थी ? उसके मम्मी पापा कहाँ रहते थे ? मीनाक्षी बहुत खुश क्यों थी ?
   (ख) अब मीनाक्षी का समय किस प्रकार बीतता था ?
   (ग) चैटिंग के दौरान कौन उसकी सहेली बनी ? उसका परिचय दें। कॉलेज की सहेलियाँ उससे क्यों चिढ़ने लगी थीं?
   (घ) मीनाक्षी की मम्मी उसे क्या समझाना चाहती थीं और मीनाक्षी ने प्रति उत्तर में कौन-कौन से तर्क दिए।

2. **"सफलता रूपी फल जिस वृक्ष पर लगते हैं, वह पसीने से सींचा जाता है।"** **[4x4=16]**
   (क) किसी भी कार्य को पूरा करने से पहले हमें दृढ़ संकल्प क्यों करना चाहिए ?
   (ख) जिनमें आत्मविश्वास होता है वे क्या कर सकते हैं ?
   (ग) भील युवक एकलव्य ने किस प्रकार अपना नाम इतिहास में अंकित किया ?
   (घ) सभ्यता का इतिहास किस बात का साक्षी है ?

3. **"बचपन में दीपिका टेनिस खेलना पसंद करती थीं।"** **[4x4=16]**
   (क) दीपिका का झुकाव टेनिस से स्कवैश की ओर कैसे हुआ ?
   (ख) दीपिका का जन्म कब और कहाँ हुआ ? भारत में किस खेल का जुनून अत्यधिक है ? क्या यह सही है ? अपने विचार लिखें।
   (ग) दीपिका की सफलता का संक्षिप्त विवरण दें।
   (घ) इन शब्दों के अर्थ लिखें।
   जुनून, निष्ठा, उज्जवल, प्रतिभा ।

4. **"संकल्प में ऐसी उर्जा होती है जी जीवन को बहुत कुछ नया दे सकती है।"** **[4x4=16]**
   (क) संकल्प लोगों का जीवन किस प्रकार बदल सकता है ?
   (ख) अधिकांश लोग किन परिस्थितियों में संकल्प लेते हैं ? संकल्प हमारे जीवन एवं आचरण में परिवर्त्तन ला सकता है कैसे ?

Downloaded From www.icseboard.org

(ग) हिटलर कौन था ? संक्षिप्त जानकारी दें।

(घ) क्या आपने कोई संकल्प लिया है ? यदि हाँ तो क्या ? आपने उसे कैसे पूरा किया ?

5. **"अब मम्मी ने इस ओर ध्यान देना बंद कर दिया था"।** **[4x4=16]**

(क) मीनाक्षी मम्मी को मानसी से क्यों मिलवाना चाहती थी ? उसने मानसी के स्वागत के लिए कौन-कौन सी तैयारियाँ की ?

(ख) "क्या फायदा है इन सुविधाओं का ? जब जरूरत हो तब ये काम नहीं करती" यह वाक्य किसने, कब और क्यों कहा ?

(ग) मीनाक्षी की आँखें फटी की फटी क्यों रह गईं ?

(घ) इन शब्दों के अर्थ लिखें।

व्याख्याता, आत्मीयता, उत्साहित, लिप्त

6. **"यह एक ऐसा भानुमती का पिटारा है, जिसके बिना मानव पंगु है।"** **[4x4=16]**

(क) कम्प्यूटर को भानुमती का पिटारा क्यों कहा गया है ?

(ख) मानव सभ्यता के विकास के क्रम में सबसे पहले किस चीज का आविष्कार हुआ ? पहिए के आविष्कार ने मानव जीवन पर क्या प्रभाव डाला ?

(ग) अंतरिक्ष यात्रा के युग का प्रारंभ कैसे हुआ ?

(घ) भारतीय अंतरिक्ष यात्रा का जनक किसे कहा जाता है और क्यों ?

7. **"वैज्ञानिकों के लिए अनुसंधान की दृष्टि से अंतरिक्ष सर्वोत्तम स्थान है।"** **[4x4=16]**

(क) इसरो का पूरा नाम क्या है ? इसकी स्थापना कब और कहाँ हुई ? अंतरिक्ष विभाग की स्थापना कब हुई ? यह कौन-कौन सा कार्य करता है ?

(ख) विज्ञान की अलग-अलग शाखाओं का अध्ययन मुख्य रूप से कौन-कौन से विद्वान करते रहे ? इन सभी विद्वानों ने किस-किस क्षेत्र में अनुसंधान कार्य किया ?

(ग) डॉ० अब्दुल कलाम के बारे में संक्षेप में बताएँ ?

(घ) इन शब्दों के अर्थ लिखें।

कालांतर, आमूल, ग्लेशियर, अनुसंधान

Downloaded From: www.jcseboard.org